# राजकीय महाविद्यालय करसोग, ज़िला मंडी , हि०प्र०

**राजकीय महाविद्यालय करसोग की ओर से प्रशासन द्वारा सत्र 2023-24 के दौरान कैंटीन के सञ्चालन हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रण की सूचना**

सत्र जुलाई 2023 से मई 2024 तक के लिए महाविद्यालय कैंटीन सञ्चालन हेतु अनुबंध के लिए आमंत्रित किया जाता है । ईछुक पक्ष कैंटीन का मासिक किराया जितना वो दे सकता है को अंकित कर, अपनी निविदाएं राजकीय महाविद्यालय करसोग के पते पर 28/07/2023, सांय 02 बजे तक भेज सकता है । सभी प्राप्त निविदाएं उसी दिन सांय 03 बजे कैंटीन कमेटी की उपस्थिति में प्राचार्य के समक्ष खोली जाएंगी ।

**कैंटीन सञ्चालन हेतु आवश्यक नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं :**

1.कैंटीन सञ्चालनके लिए अनुबंध 1 अगस्त 2023 से मई 2024 तक होगा। यदि यह कार्य संतोषजनक पाया जाता है तो इसे भविष्य में आगे चलने की अनुमति प्रदान की जा सकती है और अनुबंध प्राप्त कर्ता 5 % किराया वृद्धि देकर कैंटीन का सञ्चालन कर सकता है।

2. अनुबंध प्राप्तकर्ता को 10,000 रू धरोहर राशि के रूप में महाविद्यालय प्रशासन को पहले जमा करवानी होगी जो बाद में संतोषजनक कार्य करने पर और नियमों और शर्तों का पालन करने पर वह धरोहर राशि वापिस की जाएगी। ऐसा न करने पर वह राशि ज़ब्त की जा सकती है।

3. अनुबंध प्राप्तकर्ता कैंटीन परिसर में स्वच्छता के लिए स्वयं उत्तरदाई होगा।

4. केवल ताज़ा और साफ़-सुथरा खाना और खाने योग्य अन्य पदार्थ कैंटीन परिसर में उपलब्ध करवाने होंगे।

5. किसी भी तरह का **मादक पदार्थ कैंटीन परिसर में निषेध** होगा और यदि कोई मादक पदार्थ कैंटीन परिसर में पाया जाता है तो कैंटीन संचालक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

6. अनुबंध प्राप्तकर्ता के पास अपने नाम की बिल बुक होनी चाहिए अनुबंध प्राप्त कर्ता को विद्युत और पानी की आपूर्ति के बिलों का भुगतान स्वयं करना होगा।

7. कैंटीन को 9 बजे प्रातः से 5 बजे सांय तक खुला रखना होगा। प्रशासन की अनुमति के बिना यदि कैंटीन बंद होती है तो 100 रू प्रतिदिन के हिसाब जुर्माना भरना पड़ेगा।

8. कैंटीन संचालक को **स्वास्थ्य विभाग से कैंटीन सञ्चालन हेतु प्रमाण पत्र** लाना ज़रूरी होगा।

9. महाविद्यालय कैंटीन परिसर में किसी बाहरी व्यक्ति को आने की अनुमति नहीं देनी होगी।

10. अनुबंध प्राप्तकर्ता महाविद्यालय अवकाश की सारिणी को ध्यान में रखते हुए अपनी निविदाएं जमा करवाएं। महाविद्यालय शीत कालीन अवकाश में 01/01/2024 से 05/02/2024 तक बंद रहेगा और इस दौरान कैंटीन का किराया नहीं लिया जाएगा।

11. **किसी भी तरह के बाल श्रम** को कैंटीन के किसी भी कार्य में प्रयोग में नहीं लाया जाएगा।

12. कैंटीन का सञ्चालन अनुबंध प्राप्तकर्ता के अतिरिक्त और कोई नहीं कर पाएगा। **(Subletting is prohibited)** ।

13. महाविद्यालय प्रशासन के पास किसी भी आपत्तिजनक स्थिति में अनुबंध को रद्द किए जाने का पूर्ण अधिकार होगा।

14. अनुबंध प्राप्तकर्ता को यह भी विशेष ध्यान रखना होगा कि निर्धारित दर पर ही खादय पदार्थ उपलब्ध करवाए जाए तथा कैंटीन कमेटी इसके लिए स्वतंत्र है कि वह खाद्य पदार्थों की कीमत और गुणवत्ता को ध्यान में रखकर तथा उससे संतुष्ट होकर ही अनुबंध प्रदान करेगी।

15. महाविद्यालय प्रशासन यदि यह देखता है कि कैंटीन परिसर में कुछ भी अनावश्यक गतिविधियाँ चल रही हों और कैंटीन संचालक उसमें दोषी पाया जता है तो बिना किसी सूचना के प्रशासन द्वारा उसका अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा।

16. महाविद्यालय प्रशासन मेज़ और कुर्सी कैंटीन संचालक को उपलब्ध कराएगा।

17. खाद्य पदार्थों की दर सूची कैंटीन की दीवार पर प्रदर्शित करनी होगी।

18. कृपया निविदाएं बंद लिफ़ाफ़े में ही भेजें और लिफ़ाफ़े के बाहर **कैंटीन कीमत पत्र (Canteen Quotation)** अवश्य लिखें।

20. किसी भी शंका के लिए या अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए राजकीय महाविद्यालय करसोग के कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01907-222116 पर संपर्क करें।

**विशेष** : इस कार्य के लिए अंतिम निर्णय का अधिकार प्राचार्य महाविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

1. Dr. Leela Dhar
2. Dr.Sumedha Sharma
3. Mr. Bhisham Kumar
4. Dr.Om Prakash Kaushal

Principal,
Govt.College Karsog,
District Mandi (H.P)

PRINCIPAL
GOVT. COLLEGE
KARSOG DISTT. MANDI (H.P.)

राजकीय महाविद्यालय करसोग के प्राचार्य महोदय के साथ हुए परामर्श के बाद कैंटीन कमेटी द्वारा खाद्य पदार्थों की निर्धारित की गई कीमत सूची, सत्र 2023-24 के लिए

| क्र सं० | खाद्य पदार्थ का नाम | मात्रा | Rate fixed by College |
|---|---|---|---|
| 1 | चाय | प्रति कप | 08 |
| 2 | कॉफ़ी | प्रति कप | 13 |
| 3 | दूध | प्रति गिलास (200 Ml) | 13 |
| 4 | समोसा | प्रति समोसा | 08 |
| 5 | पकौड़ा | पकौड़ा (1KG) | 150 |
| 6 | सादा परांठा | प्रति परांठा | 15 |
| 7 | आलू परांठा | प्रति परांठा | 20 |
| 8 | ब्रेड बटर | प्रति ब्रेड बटर | 10 |
| 9 | लंच चावल, दाल, रोटी , सब्ज़ी और सलाद | Half Plate | 40 |
| 10 | लंच चावल, दाल, रोटी , सब्ज़ी और सलाद | Full Plate | 60 |
| 11 | Veg Sandwich | प्रति Sandwich | 20 |
| 12 | बेसन | (1KG) | बाजारी मूल्य से 10 % कम दर पर |
| 13 | बर्फ़ी | (1KG) | बाजारी मूल्य से 10 % कम दर पर |
| 14 | लड्डू | (1KG) | बाजारी मूल्य से 10 % कम दर पर |
| 15 | ब्रेड पकौड़ा | प्रति ब्रेड पकौड़ा | 08 |
| 16 | अन्य उत्पाद | – | MRP या उससे कम |

1. [signature]
2. Sumedha
3. [signature]
4. [signature]

[signature]
Principal
PRINCIPAL
GOVT. COLLEGE
Govt. College Karsog
KARSOG DISTT. MANDI (HP)